सड़क तक पसरा बाजार अब मंजूर नहीं

नगर निगम करेगी कार्रवाई 15 से

छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 11 मार्च। शहर के बाजार क्षेत्र में दुकानों से आगे तक पोर्च या सड़क, नाली तक सामानों को रखकर व्यवसाय करने वालों के उपर 15 मार्च से हटाने और जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। बाजार क्षेत्र में बढ़ते दबाव से यातायात में हो रही दिक्कत को देखते हुए महापौर डॉ.शिवकुमार तमेर ने विभागीय अधिारियों को व्यवस्था सुधारने कहा था। इसके लिए आयुक्त एसके सुंदरानी ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। अत: समस्त व्यापारियों दुकानदारों से अपील है कि वे अपने-अपने दुकानों का सामान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करें। सूचना के बाद भी बाजार क्षेत्र के अव्यस्था फैलाई जाती है तो उन पर सख्त कार्यवाही करते हुए हटाने व जब्ती की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जाएगी।

इंदिरा मार्केट, शनीचरी बाजार, गांधी चौक,तहसील कार्यालय, जवाहर चौक क्षेत्र के पास व्यवसाय करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों ने अपने सामान आगे तक,सड़क व नाली के उपर पोर्च आदि में फैला देने से आम नागरिकों को आने-जाने में परेशानी होती है साथ ही दुकान आने वाला ग्राहक अपनी वाहन सड़क के उपर रख देता है इससे यातायात बाधित होता है।

महापौर ने देखे निर्माण

महापौर डॉ.शिवकुमार तमेर ने कल आयुक्त एसके सुंदरानी कार्यपालन अभियंता आरके साहू तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न योजनाओं के विकास और निर्माण कार्यों सहित शहर की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उप अभियंता जगदीश केशरवानी, राजकिशोर पालिया, अंजू साहू, एआर रहंगडाले, अमरनाथ दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। महापौर ने पटरीपार क्षेत्र के रायपुर नाका रेलवे क्रासिंग के पास कचरा डंप नहीं करने का निर्देश दिए। वहीं उन्होंने तितुरडीह आदित्य नगर मार्ग की खाली भूमि की जानकारी और उसके उपयोग का आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए।

खदान में तनाव के लिए प्रबंधन जिम्मेदार : सीटू

कांकेर, 11 मार्च। जिले के लौह अयस्क खदान में तनावपूर्ण स्थिति के लिये आरी-डोंगरी खदान कंपनी के प्रबंधन ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है। उक्त आरोप मजूदर यूनियन के नेता नजीब कुरैशी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लगाया।

श्री कुरैशी ने आरी डोंगरी खदाम कंपनी के प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि खदान में श्रमिकों को श्रम कानून के तहत अधिकार नही दिया जा रहा है। श्रमिकों को केंद्रीय खदान श्रम कानून के तहत न ही उनको न्यूनतम मजदूरी का भुगतान हो रहा है, और न ही चिकित्सा, सुरक्षा, सस्ते केंटीन जैसे बुनियादी अधिकार हासिल है। उन्होंने कहा कि खदान खोलने के पहले प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच हुए समझौते पर भी प्रबंधन अमल नही कर रहा है। खदान से नुकसान हुये किसानों को अभी भी मुआवजा नही मिला।

राजनांदगांव । बाजार में गर्मी के दौरान बिकने वाली ककड़ी की नई फसल पहुंच गई है। ककड़ी का स्वाद चखने वाले लोगों को इस साल कुछ मोटी रकम चुकानी पड़ेगी।

कांकेर में किसानों का सम्मेलन संपन्न

कांकेर, 11 मार्च। कार्यालय सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया समिति मर्यादित किसान राईस मिल कांकेर के द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 8 मार्च 2010 सोमवार को दिन में 11 बजे आयोजित की गई सभा में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता परते (संस्था संचालक) एवं अध्यक्षता अरूण वट्टी अध्यक्ष इस संस्था ने किया व विशेष अतिथि के रूप में भरत मटियारा, आशीष दत्ताराय, लेंपस बारदेवरी के अध्यक्ष बुधियार सिंह बारला, एवं प्रा. आदिवासी महिला सहकारी उपभोक्ता भंडार की अध्यक्ष श्रीमती उषा ठाकुर एवं संस्था के सदस्य श्री ओझाराम देहारी की अतिथ्य में संपन्न हुई।

72 घंटे में सड़क नहीं बनी तो अनिश्चितकालीन धरना

भिलाई नगर, 11 मार्च। केपीएस चौक भिलाई से एमआर 9 तक की सड़क निर्माण कार्य यदि 72 घंटे के अंदर प्रारंभ नही हुआ तो सड़क निर्माण संघर्ष समिति बनाकर निर्माण स्थल पर ही अनिश्चितकालीन धरना एवं अमरण अनशन प्रारंभ किया जायेगा।

उक्त चेतावनी आजाद जनता पार्टी के महासचिव राजेश तिवारी ने दी है। उन्होंने सड़क निर्माण संघर्ष समिति में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों समाजसेवियों, व्यापारी, छात्र, अस्पताल प्रबंधन एवं शैक्षणिक संस्थान के डायरेक्टर एवं आम नागरिकों को आमंत्रित करते हुए कहा है कि जब तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो जाता आंदोलन जारी रहेगा। नगर निगम विभाग एवं छग राज्य विद्युत मडंल के लापरवाह अधिकारियों के चलते सड़क निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि आजाद जनता पार्टी द्वारा निर्माण की पूर्णता को लेकर पूर्व में धरना प्रदर्शन भी किया गया।

ईनामी नक्सली से बम बनाने का सामान मिला

ऐटेबालका के जंगल में की गई सर्चिंग

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 11 मार्च। कल अजय यादव पुलिस अधीक्षक कांकेर के मार्गदर्शन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मिजा जियारत बेग और थाना प्रभारी अंतागढ़ तुलसिंह पट्टावी के नेतृत्व जिला पुलिस बल एवं एसपीओ का संयुक्त बल ग्राम सोढ़े की ओर रवाना किया गया था। उक्त पुलिस पार्टी सर्चिंग पोट्रोलिंग करते हुये जब ग्राम ऐटेबालका के जंगल तक पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ व तलाशी लेने पर उसके पास से एक टिफिन बम 02 किलो का, 70 मीटर बिजली का तार, 01 नग डेटोनेटर, 04 नक्सली बैनर, 20 नग नक्सली पर्चे बरामद किए गए।



पूछताछ में उक्त नक्सली ने अपना नाम मधुमरकाम उर्फ लिंगू पिता कोपा मरकाम जाति गोंड उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पल्लेवाया थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर बताया। उक्त नक्सली मैनपुर डिव्हीजन अंतर्गत नगरी एरिया कमेटी का सदस्य बताया गया है। और गोबरा एलजीएस का डिप्टी कमाण्डर होना बताया है। नक्सली मधु ने ये स्वीकार किया है कि वह विगत दिनो रैनूमंडावी के साथ कार्य कर रहा था। रैनू मंडावी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद से वह नगरी एरिया में नही जा सका और अंतागढ़ क्षेत्र के स्थानीय नक्सली अर्जुन पद्दा, राजू वट्टी एवं अन्य नक्सलियों के साथ मिलकर वारदातों को अंताम देता रहा। पुलिस व बीएसइसके अतिरिक्त थाना दुर्गूकोंदल एवं रावघाट में भी उक्त नक्सली आरोपी के विरूद्ध पूर्व में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। राज्य शासन द्वारा इस रैंक के नक्सली के ऊपर 1,50,000 रू. का इनाम घोषित किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

स्वास्थ्य बीमा योजना में दुर्ग अव्वल

दुर्ग, 11 मार्च। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के क्रियान्वयन में दुर्ग जिला प्रदेश में अव्वल है। राष्ट्रीय बीमा योजना के दावे तथा भुगतान की स्थिति में दुर्ग जिला सबसे आगे है। जिले के गरीबी रेखा से नीचे के 1127 परिवार उससे लाभान्वित हुए है। इन्हें 18 लाख 26 हजार रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है।

महिलाओं का सम्मान किया

दुर्ग, 11 मार्च। शहर जिला ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कल भवन इंदिरा कालोनी में महिला पार्षदों व समाजसेवी महिलाओं का सम्मान किया गया। कांग्रेस कमेटी दुर्ग अध्यक्ष अरुण वोरा ने महिला पार्षद निर्मला साहू, सोनम नारायणी, संगीता सोनी, कन्या ढीमर, शकुन ढीमर, मधु सिंह सुशीला खिलाड़ी, लक्ष्मी ायादव, सरोजनी चंद्राकर दुर्ग जिला आंगनबाड़ी संघ की अध्यक्ष कामिनी चंद्राकर, मधु तिवारी, कुमारी रेखा नेताम, संगीता मिश्रा, गीता ठाकुर, रूपमति, सरिता ताम्रकार, संगीता पात्रे, कल्पना सोनी, कुमारी बाई, अंजना बाई, कांता मानिकपुरी का हार श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अरूण वोरा, अध्यक्षता जनपद सदस्य भगवती साहू शशिकांत तिवारी, पवन राय, परमजीत सिंह भोई थे।

गांधीगीरी कर रहे युवा कांग्रेसी

दुर्ग, 11 मार्च। जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के महामंत्री चन्दन सिन्हा के नेतृत्व में दुर्ग जिला ग्रामीण युवा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कमेटी के सभी बड़े नेताओं से भेंटकर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर गांधीवादी तरीके से दुर्ग जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सौरभ निर्वाणी को पार्टी में वापस लाने का अनुरोध किया। गांधी जी के सिद्धांत में चलते हुए कार्यकर्ताओं ने शांतीपूर्वक विरोध करने का निर्णय लेते हुए कहा कि जिस तरह दुर्ग जिला ग्रामीण युवा कॉग्रेस के अध्यक्ष सौरभ निर्वाणी को पार्टी से निष्कासन किया गया उसी तरह दुर्ग जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के सारे कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासन किया जाना चाहिए या फिर निर्वाणी का निष्कासन रद्द करने की मांग की गई है। कार्यकर्ता ने सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत मोहन नगर से वोरा निवास किया। शहर कॉग्रेस कमेटी कार्यकारिणी अध्यक्ष व पूर्व विधायक अरूण वोरा व भजनसिंह निरंकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। शिशिरकांत कसार, अभिषेक शर्मा, राहुल लहरी, नासिर खोखर, अजहर,प्रांजल, निकेश साहू, आमिर तिगाला, मुकेश साहू, किशोर बड़जात्या, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समाज रत्न पतिराम साव सम्मान 14 को

दुर्ग, 11 मार्च। प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ के समाजसेवी साहित्यकार एवं अध्यापक समाजसेवी पतिराम साव की स्मृति में सम्मान अलंकर दिया जाता है। इस वर्ष भी समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से विशिष्टजनों को अलंकृत किया जा रहा है। साहित्य में अपवनी दीर्घकालीन सक्रियता और कवि सम्मेलन के मंचों पर अपनी वैचारिक प्रखरता के लिए प्रतिष्ठा प्राप्त हास्य-व्यंग्य के कवि रायपुर के रामेश्वर वैष्णव को सम्मानित किया जाएगा। उसी प्रकार रायपुर के ही डॉ. सुखदेव साहू सरस को निरंतर समाजसेवी में जुट रहकर शैक्षणिक कार्यो को संपादित करने के लिए दिया जाएगा।

सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में जलेंगे ज्योति कलश

दुर्ग, 11 मार्च। श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। मंदिर परिसर में फूलों की साज सज्जा और विद्युत झालरों की व्यवस्था की गई है। ज्योति कलश भी मंदिर में रखे जा रहे हैं। तेल ज्योति का 451 रूपये एवं घी ज्योति का 651 रुपए रखा गया है। सत्तीचौरा में लगभग 30 वर्ष से ज्योति रखी जा रही है, जिसकी अलग महिमा है। समिति के बंटी शर्मा ने यह जानकारी दी। मॉ दुर्गा मंदिर में प्रतिमा स्थापित किए जाने के बाद यह प्रथम वर्ष है। होली पर्व के अवसर पर भव्य रूप से होली खेली गई थी। आयोजन समिति का गठन मॉ सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह में आज शाम 7 बजे सतरूपा शीतला सेवा समिति एवं महिला सेवा समिति की संयुक्त बैठक रखी गई है। बैठक में सार्वजनिक चैत्र वनरात्रि रामनवमी आयोजन समिति का गठन होगा। यह जानकारी सेवा समिति के सचिव अनिल साहू ने दी।

मिर्ची झोंककर 27 हजार की लूट

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 11 मार्च। जिले के अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र में कल रात्रि एक लूट की वारदात हो गई है। बांधाबाजार स्थित शराब दुकान में गद्दीदार के आंखों में मिर्ची पाउडर झोंककर 4 व्यक्तियों ने देर रात लूट की घटना को अंजाम दिया।

कल शाम अम्बागढ़ चौकी से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित बांधाबाजार में 4 अज्ञात युवक एक मोटर सायकिल में पहुंचे। शराब लेने के बहाने गद्दीदार को अपने पास बुलाया। इसी बीच एक युवक ने आंखों में मिर्ची का पाउडर फेंक दिया। थोड़ी देर में ही गद्दीदार रविन्द्र कुमार पिता श्रवण सिंह उम्र 40 तिलमिला गया। इस बीच शेष 3 युवकों ने गल्ले में रखे 27 हजार को निकाल लिया। डकैती करने के बाद थोड़ी देर में ही युवक रफूचक्कर हो गए। इस घटना के कारण बांधाबाजार में व्यापारियों के बीच असुरक्षा की भावना पैदा हो गई। उधर आज सुबह अम्बागढ़ पुलिस ने 2 लोगों को संदिग्ध मानकर पूछताछ के लिये गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिये जाने की पुष्टि करते एसडीओपी सीडी टंडन ने बताया कि लूट की वारदात को देखकर पुलिस आसपास के इलाकों में दबिश दे रही है उनका कहना है कि संभवत: आरोपी जिले से भी बाहर हो सकते हैं। इस बीच पुलिस की ढ़ीली कार्रवाई को लेकर भी स्थानीय व्यापारियों में काफी आक्रोश है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व यहां के व्यापारियों को नक्सलियों के नाम पर कथित तौर पर फिरौती दिए जाने का मामला काफी तूल पकड़ा था। व्यापारिक रूप से हुए इस घटना के प्रति लोग काफी परेशान हो गये हैं। माना जा रहा है कि प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार पर पुलिस जांच में आगे बढ़ रही है। प्रार्थी के निशानदेही पर पुलिस ने चौतरफा नाकेबंदी भी कर दी है।

राजनांदगांव । कभी धूप-कभी छांव ने गर्मी के दौरान जीवनयापन के लिये खस व्यापार करने पहुंचे दुकानदारों को परेशान कर दिया है। आज मौसम के तेवर को देखकर घनश्याम कंडरा को फिक्र में डाल दिया। इस दुकानदार को भारी गर्मी के बीच भारी कमाई का पूरा भरोसा मौसम पर टिका है।

लालबाग में रूकी पानी की बर्बादी

पिछले ढाई साल से नाले में रोजाना बहता था 20 टैंकर पानी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 11 मार्च। महापौर नरेश डाकलिया ने पिछले ढ़ाई साल से लालबाग गली नं. 5 के सामने बिछी राईजनिंग मेन पाईप लाईन से रोजाना 20 टैंकर व्यर्थ बह रहे पानी की बर्बादी को रोकने की सार्थक पहल की।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा लालबाग गली नं. 5 के सामने 400 एमएम की राईजनिंग मेन पाईप लाईन बिछाई गई है। उक्त लाईन मोहारा जल संयंत्र गृह से सिविल लाईन स्थित पानी टंकी को भरने के लिये उपयोग में लाई जाती है। विगत 3 वर्ष पूर्व उक्त स्थल पर एक ट्रक द्वारा पाईप लाईन को एयर वाल्व को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। नगर निगम द्वारा तात्कालिक रूप से उक्त लाईन में सुधार कार्य कराया गया था किन्तु पानी का रिसाव लगातार चालू था। पिछले ढाई साल में तो हालात यह हो गये कि उक्त पाईप लाईन से नाले में रोजाना 20 टैंकर पानी का व्यर्थ बहाव चालू हो गया।

समाजसेवी सुरेश डुलानी के पितृशोक पर आयोजित पगड़ी रस्म में भाग लेने उनके निवास पहुंचे थे। वार्ड पार्षद गुरूमुख दास वाधवा एवं वार्ड के लोगों ने महापौर श्री डाकलिया से भेंट कर उक्त समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए अविलंब सुधार कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया। जिस पर श्री डाकलिया ने त्वरित पहल कर जलप्रदाय विभाग को युद्ध स्तर पर तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। लालबाग क्षेत्र में पिछले ढ़ाई सालों से राईजनिंग मेन पाईप लाईन से हो रही पानी की बर्बादी को रोकने के लिये महापौर

की इस पहल पर वार्ड पार्षद श्री वाधवा, सिंधी पंचायत अध्यक्ष घनश्याम गंगवानी, ब्रम्हानंद बजाज, किशनचंद गंगवानी, श्रीचंद गंगवानी सहित अन्य नागरिकों ने महापौर को धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री का 15 सूत्रीय कार्यक्रम कागजों की शोभा : इनायत

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 11 मार्च। छत्तीसगढ़ अल्प संख्यक आयोग अध्यक्ष हाजी इनायत अली और सदस्य डॉ. दीपक क्लाडियस द्वारा कलेक्टोरेट में अधिकारियों और अल्प संख्यक नेताओं की बैठक ली। बाद में रेस्टहाऊस में आयोजित पत्रकार से वार्ता में श्री अली ने कहा कि आजादी के 60 सालों बाद भी राष्ट्रीय विकास में अल्पसंख्यक वर्गों की भागीदारी संतोषजनक नहीं है।

प्रधानमंत्री का अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण के लिए जो 15 सूत्रीय कार्यक्रम बनाया गया है, वह फाइलों की शोभा बढ़ा रहा है। उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए बताया कि सामुदायिक भवन, कब्रिस्तान के लिए भूमि मांग प्रक्रिया में है। इसका आबंटन मुक्तिधाम योजना के अंतर्गत पूर्ण समावेश, गृहनिर्माण मंडल तथा प्राधिकरण द्वारा निर्माण कराए जा रहे आवास में इसका आबंटन, बेरोजगार अल्पसंख्यक युवाओं का एक ही स्थान में पंजीयन, ऋण विद्युत सहित कच्चे माल की सुविधा, टास्क फोर्स गठन, महिलाओं को लघु उद्योग से जोड़ने तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

नगर पंचायत, नगर पॉलिका, निगम द्वारा निर्मित मुख्य मंत्री स्वालंबन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास होंगे। शिक्षा के आधुनिकीकरण के तहत मदरसों को कम्प्यूटरों से लैस किया जाएगा। आयोग को प्राप्त 299 शिकायत पत्रों में से अधिकांश का निराकरण किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 6 वर्गों को अल्पसंख्यक समुदाय में शामिल किया गया है।

टाऊनशिप की समस्याओं पर युवाओं ने किया प्रदर्शन

भिलाई नगर, 11 मार्च। 8 मार्च को छात्र संघर्ष मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में बीएसपी के नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक डी एम जलतारे को टाऊनशिप एरिया में लीज लाने हेतु तथा मकान आबंटन के संबंध ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सैकड़ों युवक नगर सेवा विभाग में उपस्थित थे। जिसमें पार्षद आशीष क्रांति, जय प्रकाश, मंजीत, रवि, कैलाश, शैवाल, चरणजीत, पिंटू, बीनू, श्रीकांत मिश्रा, जाहिद अंसारी, संजय, प्रशांत, अब्दुल, आकाश, रंजीत, दिनेश, गोल्डी, मदन, हैप्पी, राजन, सोनू, बबलू, अजय, राकेश सहित अन्य युवा उपस्थित थे।